

## एक नजर में

### प्रभुजी के वरघोड़े के साथ निकाली तपस्वी शिवानी की शोभायात्रा



**महिदपुर।** तपस्वी आराधिका शिवानी-मोहित मेहता के बहुमान कार्यक्रम में चंदनबाला श्रीजी ने कहा कि बाह्य तप विकारों को घटाता है और आंतरिक तप आत्मा को शुद्ध करता है। तप से इच्छाओं पर नियंत्रण होता है और सम्यक पुरुषार्थ से ही आत्मिक प्रगति संभव है। उन्होंने कहा हम पहले जन हैं, फिर आचार-विचार से जैन बनते हैं। कार्यक्रम में शोभायात्रा प्रभु जी के वरघोड़े के साथ मेहता निवास से प्रारंभ हुई, जिसमें तपस्विनी का बहुमान माला, शाल और श्रीफल से किया गया। स्वागत तीनों भाइयों अंकुर, मोहित, दुर्गेश मेहता का भी हुआ। कार्यक्रम में जैन सोशल ग्रुप मेन, खरतरगच्छ, तपागच्छ और त्रिस्तुतिक संघों ने बहुमान किया। संचालन शैलेष चौपड़ा ने किया। साधार्मिक वात्सल्य का लाभ अशोक कुमार सिरेमल मेहता परिवार ने लिया।

### भगवतपुर रोड की हालत बदहाल



**माकड़ोन।** वार्ड क्रमांक 2 भगवतपुर क्षेत्र की सड़क लंबे समय से खस्ता हालत में है। बरसात के दिनों में सड़क पर कीचड़ और गड्ढों के कारण स्थानीय किसान, विद्यार्थी और आम राहगीर भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रोज़मर्रा की आवाजाही दुश्वार हो गई है। विद्यार्थी स्कूल-कॉलेज जाने में मुश्किलें झेल रहे हैं, वहीं किसान अपनी उपज और जरूरी सामान लाने-ले जाने के लिए कीचड़ भरे रास्तों से जूझने को मजबूर हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि कई बार शासन और प्रशासन तक इस सड़क को बनाने की मांग पहुंच चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और वे जल्द से जल्द सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अगर सड़क का निर्माण शीघ्र नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में आंदोलन भी किया जा सकता है।

### सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा

**माकड़ोन।** बड़ा श्री राम मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पं. धर्मेन्द्र कृष्ण नागर ने सात दिन तक संगीतमय कथा सुनाकर बताया कि श्रीमद् भागवत कथा परमात्मा का अक्षर रूप है। यह हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाती है। भगवान के प्रति अनुराग उत्पन्न कराती है। यह ग्रंथ वेद और उपनिषदों का सार है। यह कथा रूपी अमृत देवताओं को भी दुर्लभ है। माकड़ोन कथा में चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। कथा में श्री कृष्ण जन्म होते ही नंद बाबा फूलों से सजी टोकरी में नन्हें बालक को लेकर कथा स्थल पर पहुंचे तो भक्त खुशी से झूम उठे भक्तों ने बधाई गीत गाकर भगवान के जन्म की खुशियां मनाए। भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर को आकर्षक तरीके से सजाया गया। एक पालने में भगवान कृष्ण को झूला झूलने श्रद्धालुओं की भीड़ उमर रही थी। कथा वाचक पं. धर्मेंद्र कृष्णा नगर ने कहा कि कलयुगी में कल्याण व भागवत चरणों से प्राप्त करने का साधन एक भाव हरि नाम है। उन्होंने श्री कृष्ण का जन्म कैसे हुआ और जन्म के बारे में कथा के माध्यम से विस्तृत बताया। विश्राम दिवस पर सुदामा चरित्र एवं परिक्षित का मोक्ष कथा का मंगलमय विश्राम हुआ। कथा श्रवण करने वाले भक्त शिवनारायण भोले लीलाधर सोनी, शालीमार ट्रेलर, कैलाश चंद गामी, प्रकाश गामी सहित सैकड़ो लोगों ने कथा में लाभ लिया। यह जानकारी श्याम कारपेंटर ने दी।

### गरबा पांडालों पर रहेगी शिवसेना की पैनी नजर

**उज्जैन।** विभिन्न गरबा पांडालों में शिवसेना की पैनी नजर रहेगी। विधर्मियों का प्रवेश व दुराशय पूर्ण गतिविधि रोकने हेतु पांडालों में शिवसैनिक तैनात रहेंगे। शिवसेना शिंदे गुट के प्रदेश सचिव दिनेश प्रजापति के अनुसार सनातनी माता बहनों, बेटियों पर बुरी नजर रखने वाले विधर्मियों का प्रवेश महानगर के गरबा पांडालों में रोकने हेतु शिवसैनिक महानगर में समूह के रूप में सक्रिय रहेंगे और स्थानीय पुलिस से समन्वय बनाकर नारी शक्ति की सुरक्षा हेतु सेवाएं देंगे।

### कल्याण शिवहरे भाजपा जिला उपाध्यक्ष नियुक्त



**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अनुशंसा पर भाजपा जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल द्वारा कल्याण शिवहरे को भाजपा जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कल्याण शिवहरे की नियुक्ति पर समाजजन, शिक्षक साथियों व ईष्टमित्रों ने बधाई प्रेषित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित भाजपा जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव सहित वरिष्ठ नेतृत्व का आभार माना।

### महालक्ष्मीजी के दरबार में 22 सितंबर से प्रारंभ होगा नौ दिवसीय नवरात्रि महोत्सव



**उज्जैन।** अलखधाम नगर स्थित साईं मंदिर में महालक्ष्मीजी के दरबार में 22 सितंबर से नौ दिवसीय नवरात्रि महोत्सव मनाया जाएगा। ट्रस्टी ओम बंसल और अनुप सिंघल ने बताया कि 22 सितंबर से साईं मंदिर स्थित महालक्ष्मी मंदिर में नो दिन तक महालक्ष्मीजी का पूजन होगा। 9 दिनों तक महालक्ष्मीजी को नित्य नए वस्त्र, आभूषण धारण कराये जाएंगे। प्रतिदिन महाआरती होगी, हलवे का प्रसाद 9 दिनों तक वितरित होगा। प्रतिदिन आभूषण और पोषाक प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अग्रवाल 420 पापड़ वाले परिवार की ओर से माताजी को अर्पित की जाएगी। साईं समिति अध्यक्ष रमेश परवाल ने बताया कि प्रो. रेखा गुप्ता द्वारा माताजी का 9 दिनों तक श्रृंगार किया जाएगा। प्रेम यादव, राजकुमार सेठ, हेमेंद्र खंडेलवाल, पियूष मालवीय, सुरेंद्र मालवीय, दीपक बेलानी, मोहनलाल शाह, भरत पोरवाल, संजय सोडानी, मनोज दूधवानी सहित समस्त साईं भक्तों ने नौ दिनों तक आयोजित होने वाले नवरात्रि महोत्सव में माताजी के दर्शनलाभ लेकर धर्मलाभ लेने का अनुरोध किया है।

### श्री वल्लभ वैष्णव मंडल ने किया नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान




**उज्जैन।** श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, वैष्णव युवा मंडल, श्री वल्लभ वैष्णव महिला मंडल द्वारा भाजपा नगर कार्यकारिणी में महामंत्री बने जगदीश पांचाल एवं भाजपा नगर कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष बनीं सोनल अजय जोशी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

# चामुंडा माता मंदिर पर चलाया विशेष सफाई अभियान– नपा परिषद नागदा




**नागदा निप्र।** नगर पालिका परिषद नागदा द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा (जो की 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक) के अंतर्गत चम्बल तट स्थित मां चामुंडा माता मंदिर परिसर एवं उसके आस पास सफाई अभियान के तहत सफाई की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में असंगठित कामगार मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुल्तान सिंह शेखावत, नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, बिरलाग्राम मंडल अध्यक्ष प्रकाश जैन, सांसद प्रतिनिधि ओपी गहलोत,उपाध्यक्ष सुभाष चंद शर्मा,सभापति भावना रावल, सुबोध स्वामी, योगेश मीणा, दौलतराम प्रजापत, हिम्मत राठौर, भूपेंद्र टटावत, दीपक जैन,यशपाल कुशवाह, सुभाष रावल, राजेश मोदी, बंशी तंवर,अमर सोलंकी के साथ कई प्रमुख कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। साथ ही नगरपालिका के हमारे स्वच्छता मित्र भी इस अभियान मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है।

इस अभियान मे उपस्थित सभी ने नदी के आस पास फैले हुये कचरे को एकत्र कर नदी के आस पास जमा पानी मे से भी कचरा एवं अन्य गंदगी को इकठ्ठा कर सफाई की , साथ ही नगर की आम जनता से मिडिया के माध्यम से यह आग्रह भी किया गया की मंदिर परिसर को साफ स्वच्छ रखने मे सहयोग प्रदान करे एवं चम्बल नदी को भी साफ सुथरा रख प्रदूषित होने से बचाये। कोई भी पूजन या अन्य विसर्जित योग्य सामग्री को नदी मे प्रवाहित करने से बचे,आने वाले दिनों मे नवरात्रि का पावन पर्व होने से चामुंडा माता मंदिर पर दर्शनार्थी आये तो वे भी साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे, नवरात्रि के पावन पर्व पर माता जी की पीओपी की जगह मिट्टी की प्रतिमा स्थापित करे जो पर्यावरण संरक्षण मे उपयोगी साबित हो। उक्त पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान के तहत देश में सफाई अभियान चलाकर पूरे देश को स्वच्छता की श्रेणी में पूरे विश्व में नंबर लाने हेतु आग्रह किया है। नगर पालिका परिषद नागदा द्वारा भी शहर के समस्त 36 वार्ड में सेवा संबंधी अभियान चलाया जा रहा है जिसमें नालियों की सफाई, रोड की सफाई, छ्रझ्रझ्र पाउडर, फागिंग मशीन से धुँवा करके मच्चरो पर नियंत्रण,अन्य सार्वजनिक स्थान को साफ कर नगर में स्वच्छता के प्रति अलख जगाया जा रहा है।




### स्वच्छता अभियान में बनाई मानव श्रृंखला

**माकड़ोन।** नगर परिषद माकडोन में शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर के वार्ड नंबर 13 स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सफाई मित्रों के उचित स्वास्थ्य के लिए शिविर का आयोजन किया एवं समस्त कर्मचारियों को पीपीई किट वितरण की गई। साथ ही स्वच्छता ही सेवा अभियान में अपना योगदान देने एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में अपने नगर माकड़ोन को नंबर 1 बनाने हेतु समझाइश भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी कैलाश चंद कर्मा ने दी। इसके अलावा स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत नगर परिषद द्वारा पीएम रवींद्र उच्चतम माध्यमिक विद्यालय एवं सनराईज मॉडल हाई स्कूल मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश समस्त नगर वासियों को दिया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने स्वच्छता पर व्याख्यान दिया। जिसमें उन्हें होने वाले संक्रमण रोगों से बचने की शिक्षा एवं कचरे के सेग्रीगेशन के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नगर परिषद माकड़ोन अध्यक्ष आशा बाई राठौर, उपाध्यक्ष करण सिंह गुर्जर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कैलाश चंद्र कर्मा, सिंगाराम जाटवा , समस्त नगर परिषद स्टाफ, सफाई मित्र एवं सहयोगी संस्था की टीम उपस्थित रही।

## जरूरतमंदों को वितरित किये चशमे, नि :शुल्क जांचें भी हुई




**उज्जैन।** अग्रसेन जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री अग्रवाल बायोडाटा बैंक द्वारा स्वर्गीय श्री अशोकजी गर्ग की स्मृति में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, चश्मा वितरण तथा लिपिड प्रोफाइल टेस्ट शिविर का आयोजन 20 सितंबर को अग्रवाल धर्मशाला में किया गया। शिविर का शुभारंभ विमला अशोक गर्ग, अग्रवाल पंचायत न्यास के अध्यक्ष निमेष अग्रवाल, अग्रवाल बायोडाटा बैंक के अध्यक्ष रवि प्रकाश बंसल एवं उपस्थित चिकित्सकों के करकमलो से किया गया। सर्वप्रथम लिपिड प्रोफाइल टेस्ट के अंतर्गत लगभग 80 समाजजनों ने टेस्ट कराया।

लिपिड प्रोफाइल की जांच जो की लेबोरेटरी में लगभग 600 रुपए की होती है, बायोडाटा बैंक द्वारा सेंट्रल लैब के सहयोग से नि:शुल्क की गई। इसके बाद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में डॉ. हर्ष मंगल, डॉ. एके मित्तल, डॉ विवेक जैन, डॉ अर्पित एरन, डॉ नेहा एरन, डॉ. आदित्य अग्रवाल, डॉ. शिल्पी अग्रवाल एवं डॉ. शुभम अग्रवाल ने अपनी सेवाएं प्रदान की। साथ ही बायोडाटा बैंक द्वारा जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क चश्मा वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर अग्रवाल बायोडाटा बैंक के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र मित्तल, बायोडाटा बैंक के कोषाध्यक्ष विजय गर्ग, शिविर संयोजक संतोष गर्ग, गौरव गर्ग, अमर अग्रवाल, विजय गोयल गणित के साथ-साथ बायोडाटा बैंक के पवन मित्तल, रमेशचंद गोयल, अशोक मालवा, दीपक अग्रवाल पाइप, विजय अग्रवाल, केसरी नंदन, कमलेश मित्तल, पुरुषोत्तम मोदी, ओमप्रकाश गर्ग, सीए संजय अग्रवाल, मंडी अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, अनिल गर्ग, रामजी, संतोष गर्ग मंडी, किरतेश हरभजनका, दिलीप गर्ग, सरोज अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, गौरव गर्ग टेनू आदि सदस्यों ने शिविर में उपस्थित होकर अपनी सेवाएं प्रदान की। साथ ही इस अवसर पर ट्रस्टी विजय अग्रवाल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष आयुष अग्रवाल एवं उनकी पूरी टीम उपस्थित रही। शिविर में सेवा देने वाले चिकित्सकों का सम्मान किया गया। शिविर का लाभ समाज जनों के अलावा अन्य समाज बंधुओ ने भी लिया। उपरोक्त जानकारी बायोडाटा बैंक के सचिव दीपक मित्तल ने प्रदान की।

### अग्रवाल जेसिस ने गजलक्ष्मी मंदिर पर कुलदेवी का किया सोलह श्रृंगार




**उज्जैन। श्री अग्रवाल जैसीस द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव पर नई पेठ स्थित गज लक्ष्मी मंदिर पर चुनरी उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। अग्रवाल जैसीस के अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, सचिव मोहित अग्रवाल ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी अग्रवालों की कुलदेवी महालक्ष्मी मंदिर पर माता रानी का दुधाभिषेक कर मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाया गया।**

यह भव्य आयोजन अग्रवाल पंचायत न्यास के पूर्व अध्यक्ष एवं ट्रस्टी विजय अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित किया गया। इसके लाभार्थी अजय गर्ग थे। माता रानी को सोलह श्रृंगार की वस्तुएं महिला जैसीस की ओर से शकुंतला अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, नीलम मित्तल, कविता अग्रवाल ने भेंट की। वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश गोयल, भाजपा महामंत्री जगदीश पांचाल, पूर्व ट्रस्टी जगदीश गोयल, विजय अग्रवाल, सीए संजय अग्रवाल, ट्रस्टी मधुर गर्ग, ट्रस्टी जयकिशन अग्रवाल अजीत मंगलम ने महाआरती की। इस अवसर पर महेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, अशोक गोयल, डॉ नरेंद्र अग्रवाल राजेश ऑटो डील, किरण अग्रवाल, निहारिका गर्ग, रश्मि अग्रवाल, राजश्री अग्रवाल, रानी अग्रवाल, दीपाली अग्रवाल, शील अग्रवाल, बिंदु गर्ग, पूजा अग्रवाल, प्रिया मित्तल, अभिलाषा अग्रवाल, रंजीता अग्रवाल, कविता अग्रवाल, रेखा गुप्ता, रानू, निकिता गर्ग, मीना शाह, हेमलता अगवाल, गंगा अग्रवाल, शारदा गर्ग, मनोहर गर्ग, योगेश गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, रमेश शाह पूनम अग्रवाल, रेखा गर्ग सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे। इस अवसर पर शानदार भजनों की प्रस्तुति और महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। इस अवसर पर महाप्रसादी का आयोजन भी रखा गया। जगदीश पांचाल के महामंत्री बनने पर उनका अभिनंदन भी किया गया। अंत में आभार अजय गर्ग ने माना।

## सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



**महिदपुर।** शासन निर्देश पालन में नगरपालिका महिदपुर द्वारा 17 सितंबर से 02 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत नगरपालिका द्वारा प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही हैं। इसी अनुक्रम में 20 सितंबर को नगरपालिका कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सफाई मित्र स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन सीएमओ राजा यादव, मेडिकल आफिसर डॉ. महेश रामपुरे के मार्गदर्शन में किया गया है। जिसमें नगर पालिका के 60 कर्मचारियों एवं उनके परिवार सदस्यों का चिकित्सीय दल द्वारा परीक्षण किया जाकर किडनी, लिवर, एच आई वी, शुगर, ब्लड प्रेशर इत्यादि जांच हेतु ब्लड सेंपल एकत्रित किये गये।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. हर्षित जैन, पूजा राठौर देवड़ा, जितेन्द्र चौहान, कूलदीप सिंह पंवार, सुदर्शन रावल उपस्थित हुए। वहीं नगरपालिका की ओर सामाजिक सुरक्षा अधिकारी कविता भीमावद, स्वच्छ सर्वेक्षण प्रभारी नवीन मिश्रा, स्वच्छता प्रभारी उमेश दावरे एवं नगरपालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

**एक नजर** — दो दिवसीय अनुसंधान कार्यशाला में देशभर से आए कंपनी सचिव

# आईसीएसआई द्वारा आयोजित दो दिवसीय अनुसंधान कार्यशाला का सफल समापन

### अनुभव साझा करने, नेटवर्किंग और केस स्टडी आधारित चर्चा के माध्यम से व्यावसायिक दृष्टिकोण को मजबूती प्रदान की




**उज्जैन।** भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) के इंदौर चैप्टर एवं सेंटर फॉर कॉर्पोरेट गवर्नेंस, रिसर्च एंड ट्रेनिंग (सीसीजीआरटी), मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में उज्जैन में आयोजित कंपनी अधिनियम, 2013 पर आधारित दो दिवसीय अनुसंधान कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

इंदौर चैप्टर के चेयरमैन सीएस अमित कुमार बारंगे ने बताया कि यह आयोजन संस्थान द्वारा लगातार तीसरे वर्ष आयोजित किया गया, जो कॉर्पोरेट कानूनों पर अनुसंधान आधारित अध्ययन के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस कार्यशाला में देशभर से आए 50 से अधिक कंपनी सचिवों ने भाग लिया, जिसमें अनुभव साझा करने, नेटवर्किंग और केस स्टडी आधारित चर्चा के माध्यम से व्यावसायिक दृष्टिकोण को मजबूती प्रदान की गई। यह कार्यशाला न केवल ज्ञानवर्धक रही, बल्कि यह हमारे सदस्यों को अनुसंधान एवं विश्लेषण की दिशा में और प्रेरित करेगी।

मुख्य विषय विशेषज्ञ के रूप में मुंबई से आए वरिष्ठ कंपनी सचिव सीएस मकरंद जोशी ने रिलेटेड पार्टी ट्रांजेक्शन, कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर), कॉर्पोरेट गवर्नेंस, तथा लोन और निवेश से जुड़े जटिल प्रावधानों पर गहन चर्चा की। प्रतिभागियों ने विविध केस स्टडीज़ के माध्यम से विषयों की व्यवहारिक समझ को और अधिक सुदृढ़ किया।

सभी प्रतिभागियों ने कार्यशाला के दौरान दिए गए अध्ययन सामग्री, केस स्टडी फॉर्मेट्स और गाइडेड रिसर्च टूल्स की सराहना की। कई सदस्यों ने कार्यशाला को प्रैक्टिकल नॉलेज का अद्भुत स्रोत बताया और भविष्य में इस प्रकार के और अधिक कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया।

कार्यशाला के समापन सत्र में चैप्टर प्रबंधन समिति के सदस्य संपूर्ण कार्यशाला के दौरान सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। समापन सत्र में इंदौर चैप्टर की और से सीएस सुरभि अग्रवाल ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजन से जुड़े सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।